॥श्री हरिः॥

ॐ

संक्षिप्त पूजा विधि

★ **आचमन-प्राणायाम** ॐ केशवाय नमः । ॐ नारायणाय नमः । ॐ माधवाय नमः । (इन तीन मंत्रों का उच्चारण करते हुए तीन बार आचमन करें। पश्चात्) ॐ गोविन्दाय नमः । (कहकर दाहिना हाथ धो लें । फिर प्राणायाम पूरक-कुंभक-रेचक करें)।

★ **देवतावंदन** (हाथ जोड़कर प्रणाम करें)

ॐ श्री मन्महागणाधिपतये नमः । ॐ इष्टदेवताभ्यो नमः।
ॐ कुलदेवताभ्यो नमः। ॐ ग्रामदेवताभ्यो नमः।
ॐ वास्तुदेवताभ्यो नमः। ॐ सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः।
ॐ सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः। एतत् कर्मप्रधान देवताभ्यो नमः। आदित्यादिनवग्रहदेवताभ्यो नमः। निर्विघ्नमस्तु।

ॐ सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णकः।
लंबोदरश्च विकटो विघ्ननाशो गणाधिपः॥१॥
धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः।
द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि ॥२॥
विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा।
संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते ॥३॥

★ **संकल्प** : अद्य शुभ पुण्यतिथौ मम आत्मनःश्रुति-स्मृति-पुराणोक्त पुण्य फल प्राप्त्यर्थम् अस्माकं सकुटुंबानां सपरिवाराणां द्विपदचतुष्पदसहितानां क्षेम-स्थैर्य आयुष्यारोग्य-ऐश्वर्याभि वृद्धयर्थं श्री परमेश्वरप्रीत्यर्थं ध्यानावाहनादि षोडशोपचार पूजां, निर्विघ्नतासिद्धयर्थं महागणपतिस्मरणं च करिष्ये।

★ **गणपति स्मरण** :

ॐ वक्रतुण्ड महाकाय, सूर्यकोटिसमप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव, सर्वकार्येषु सर्वदा।।

★ **कलशपूजन** : (कलश पर हाथ रखकर)

ॐ गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।।
कलशाय नमः। गंधाक्षतपुष्पं समर्पयामि।

★ **शंखपूजन** :

ॐ त्वं पुरा सागरोत्पन्नो विष्णुना विधृतः करे।
नमितः सर्वदेवैश्च पांचजन्य नमोऽस्तुते
शंखाय नमः। गंधपुष्पं समर्पयामि।
(शंख को अक्षत चढ़ाना वर्जित है)

★ **घंटापूजा** : ॐ आगमार्थं तु देवानां गमनार्थं तु रक्षसाम्।
कुर्वे घण्टारवं तत्र देवताह्वानलक्षणम्।।
घंटास्थाय गरुडाय नमः, गंधाक्षतपुष्पं
समर्पयामि।

★ **दीपपूजन** :

ॐ भो दीप ब्रह्मरूपस्त्वं ज्योतिषां प्रभुरव्ययः ।
आरोग्यं देहि पुत्रांश्च सर्वार्थांश्च प्रयच्छ मे।।
दीपदेवताभ्यो नमः। गंधपुष्पं समर्पयामि।

★ **शुद्धीकरण** :

ॐअपवित्रःपवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।
(शंख का अथवा कलश का थोड़ा सा जल लेकर अपने शरीर पर तथा पूजा सामग्री पर छिड़कें)

१ **ध्यान** : पंचायतनदेवताभ्यो नमः। ध्यायामि।

विष्णु– ॐकृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने।
प्रणतक्लेशनाशाय गोविन्दाय नमो नमः।।

देवी– ॐ सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते।।

गणेश– ॐ वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटिसमप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

शिव– ॐ तव तत्त्वं न जानामि कीदृशोऽसि महेश्वर।
यादृशोऽसि महादेव तादृशाय नमो नमः।।

सूर्य– ॐ जपाकुसुमसंकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम्।
तमोरिं सर्वपापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम्।।

षोडशोपचार :किसी विशिष्ट प्रधान देवता के पंचायतन की पूजा करते समय पंचायतनदेवताभ्यः के पूर्व उस देवता का नाम लें । जैसे–विष्णुपंचायतनदेवताभ्यो नमः।
महालक्ष्मीपंचायतनदेवताभ्यो नमः।
गणेशपंचायतन देवताभ्यो नमः। इत्यादि.....

२. **आवाहन**–श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः
आवाहनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

३. **आसन**– श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
आसनार्थे पुष्पं समर्पयामि।

४. **पाद्य**– श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
पादयोः पाद्यं समर्पयामि।

५. **अर्घ्य**– श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
हस्तयोः अर्घ्यं (गंध–अक्षत–पुष्प सहित जल)
समर्पयामि।

६. **आचमनीय**–श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
आचमनीयं समर्पयामि।
(आचमनी में जल लेकर पात्र में छोड़ें)

७. **स्नान** : श्री पंचायतदेवताभ्यो नमः।
स्नानं समर्पयामि।
गंगा-सरस्वती-रेवा-पयोष्णी-नर्मदा-जलैः।
स्नापितोऽसि मया देव तथा शान्तिं कुरुष्व मे।।
स्नानं समर्पयामि।

(पंचामृत का अभिषेक करना हो तो 'श्री पंचायतन देवताभ्यो नमः पयो-दधि-घृत-मधु-शर्करा-स्नानं समर्पयामि' ऐसे कहकर एक-एक बार आचमनी से दूध, दही, घी, शहद व चीनी से स्नान करायें। बाद में 'गंधोदकस्नानं समर्पयामि' कहकर आचमनी भर जल में गंध ले, उस जल से स्नान करावें। फिर 'शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि' कहकर आचमनी से पांच बार शुद्ध जल से स्नान करावें और स्वच्छ वस्त्र से प्रतिमा पोंछकर पूजाघर में स्थापित करें।)

श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
प्रतिष्ठापनार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

८. **वस्त्रोपवस्त्र**-श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः
वस्त्रोपवस्त्रार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

९. **यज्ञोपवीत**-श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
यज्ञोपवीतार्थे अक्षतान् समर्पयामि।

१०. **गंध-अक्षत**-श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः
विलेपनार्थे चन्दनं समर्पयामि।

श्री पंचायतन देवताभ्यो नमः।
हरिद्रा कुंकुमं सकलसौभाग्य द्रव्याणि परिमल द्रव्याणि च समर्पयामि (हल्दी, रोली, अष्टगंध आदि चढ़ावें)

११. पुष्प– श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः
पुष्पाणि समर्पयामि।

१२. धूप – श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
धूपं आघ्रापयामि।

१३. दीप– श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः।
दीपं दर्शयामि।

१४. नैवेद्य– श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः
नैवेद्यं समर्पयामि।

नैवेद्य के चारों ओर जल घुमाकर ग्रास मुद्रा दिखाते हुए बोलें– 'प्राणाय स्वाहा, अपानाय स्वाहा,व्यानाय स्वाहा,उदानाय स्वाहा, समानाय स्वाहा, ब्रह्मणे नमः' गमध्ये पानीयं समर्पयामि' कहकर पात्र में आचमनी से जल छोड़ें। फिर उपरोक्त मंत्र बोलें। तत्पश्चात् 'उत्तरापोशनं समर्पयामि, हस्तप्रक्षालनं समर्पयामि, मुखप्रक्षालनं समर्पयामि' कहकर आचमनी से तीन बार जल छोड़ें। 'करोद्वर्तनार्थे चंदनं समर्पयामि' कहकर गंधपुष्प चढ़ावें। 'मुखवासार्थे पूगीफल–ताम्बूलं–सुवर्णपुष्प दक्षिणां च समर्पयामि' बोलकर पान के बीड़े (ताम्बूल) पर जल छोड़ें। बीड़ा न हो तो आचमनी से पात्र में जल छोड़ें।

१५. आरती–महानीराजनदीपं समर्पयामि।
दीप को गंध पुष्प चढ़ाकर परम्परानुसार आरती करें।

कर्पूर आरती–कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेंद्रहारम्।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानीसहितं नमामि।।

१६.प्रदक्षिणा–यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च।
तानि तानि विनश्यन्तु प्रदक्षिण–पदे पदे।।
श्री पंचायतन देवयाभ्यो नमः
प्रदक्षिणां समर्पयामि (प्रदक्षिणा करें)

१७. नमस्कार–गणेशं भास्करं विष्णुं शिवं देवीं च सद्गुरुम्।
भावये नित्यपूजार्थं प्रणमामि पुनः पुनः।।
श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः। नमस्कारं
समर्पयामि । (साष्टांग प्रणाम करें)

१८. पुष्पांञ्जलि–सेवान्तिका बकुल चम्पक पाटलाब्जै–
पुन्नागजाति करवीर रसाल पुष्पैः।
बिल्वप्रवाल तुलसीदलमञ्जरीभि–
स्त्वां पूजयामि जगदीश्वर मे प्रसीद।।
सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। मंत्रपुष्पांजलिं समर्पयामि।
(पुष्पांजलि अथवा अक्षत समर्पण करें।)

प्रार्थना : आवाहनं न जानामि न जानामि तवार्चनम्।
पूजां चैव न जानामि क्षमस्व परमेश्वर।।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।
पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान् कामांश्च देहि मे।।
यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपः पूजा क्रियादिषु।
न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्।।
श्री पंचायतनदेवताभ्यो नमः। प्रार्थनां समर्पयामि। आचमनी में जल लेकर 'अनेन षोडशोपचारपूजनेन श्री पंचायतनदेवताः प्रीयन्ताम्। तत्सत् ब्रह्मार्पणमस्तु।' ऐसे कहकर वह जल पात्र में छोड़ दें।

तीर्थग्रहण : अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधि विनाशनम्।
देवपादोदकं तीर्थं जठरे धारयाम्यहम्।।
(तीर्थ ग्रहण करें। दाहिना हाथ धो लें। तीन बार आचमन करके एक बार हाथ धो लें) इति।

'गीता साधना शिविर' के लिये 'संत श्री ज्ञानेश्वर गुरुकुल'
(पुणे) द्वारा प्रकाशित - २०१७